www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष–10 अंक–137 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ बुधवार 18 अगस्त 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## विधान परिषद में बोले योगी, अब्बा जान कब से हुआ असंसदीय शब्द

### मानसून सत्र में जनहित से जुड़े मुद्दों पर होगी चर्चा : मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ(वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश विधान मंडल का मानसून सत्र मंगलवार




से प्रारम्भ हो गया। पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में समाजवादी पार्टी (सपा) और उसके मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सपा से सवाल किया कि अब्बा जान कब से असंसदीय शब्द हो गया? विधान परिषद में बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कुछ लोगों को अब्बा जान शब्द असंसदीय लगने लगा है। क्या वे बताएंगे ये शब्द कब से असंसदीय हो गया है। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने यह भी सवाल किया कि वे कौन से लोग हैं जो कहते थे कि हम कोरोना की वैक्सीन नहीं लगवाएंगे। वे लोग यह भी कह रहे थे कि यह वैक्सीन भाजपा की है, मोदी की है, लेकिन जब अब्बा जान ने वैक्सीन लगवा ली तो सभी लगवाने लगे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि जब कोरोना की शुरूआत हुई तो उत्तर प्रदेश में इसकी जांच की सुविधा नहीं थी, लेकिन आज प्रदेश में चार लाख प्रतिदिन टेस्ट की क्षमता है। पूर्व में सत्र प्रारम्भ होने से पहले मुख्यमंत्री योगी ने पत्रकारों से कहा कि मानसून सत्र में जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष गांव, गरीब, महिलाओं व विकास के हर मुद्दे पर सदन में चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विधान मंडल के दोनों सदनों में सार्थक चर्चा होगी। हालांकि, मानसून सत्र के पहले दिन सपा और कांग्रेस के विधायकों ने सदन के बाहर प्रदर्शन किया। विधान परिषद में भी सपा सदस्यों ने हंगामा किया। वहीं विधान सभा में पहले दिन सदन के वर्तमान सदस्यों के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित हुआ और सभी दलों के नेताओं ने दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सदन की कार्यवाही बुधवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। योगी सरकार आज को दोपहर 12.30 बजे सदन में अनुपूरक बजट पेश करेगी।

## दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि के बाद विधानमंडल कार्यवाही स्थगित

लखनऊ, (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के मानसून सत्र के पहले दिन विपक्षी दल सपा तथा कांग्रेस का विधान भवन के बाहर तथा अंदर जमकर हंगामा किया। विधान परिषद में सपा के सदस्य शोक प्रस्ताव के दौरान ही वेल में आ गए। हंगामें के बीच मुख्यमंत्री योगी ने शोक प्रस्ताव रखा। दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में दिवंगत विधायक सुरेश श्रीवास्तव, औरैया विधायक रमेश चंद्र दिवाकर, नवाबगंज विधायक केसर सिंह, सलोन रायबरेली के विधायक दल बहादुर कोरी व विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री के साथ ही नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने भी दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बसपा दल के नेता गुड्डू जमाली, कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी दिवगंत विधायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सदन की कार्यवाही आज सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सपा के नेताओं ने शोक सभा के दौरान भी वेल में आकर पोस्टर लहराया। विधान परिषद में शोर शराबे के बीच कार्यवाई स्थगित की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शोक प्रस्ताव रखने के बाद विधान सभा और विधान परिषद की कार्यवाई शुरू हुई। शेष पेज 2 पर

## उन्नाव मे अमृत योजना के तहत बीजेपी के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष स्वत्रंत देव सिंह

अवध की आवाज
दीपक शुक्ला

उन्नाव।नार्मल स्कूल में आज बीजेपी के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का समलेंन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे अमृत योजना के तहत प्रदेश अध्यक्ष स्वत्रंत देव सिंह ने पहुंचकर सभी लोगो को सम्बोधित किया। इस अवसर पर सभी विधायक मौजूद रहे ।सभी ने माला पहना कर अध्यक्ष जी का स्वागत किया। प्रदेश युवा मोर्चा के बीजेपी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह भी मौजूद रहे और उन्होंने भी स्वत्रंत देव सिंह का स्वगत किया।। वही मंच से बोलते हुए अध्यक्ष ने कहा कि देश के युवा ने चाय बनाने वाले को देश का प्रधानमंत्री बना दिया जिसने आतंकवाद पर पाकिस्तान



पर लगाम लगाई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से 2022 में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आवाहन किया।

## सम्पति के रिकार्ड से छेड़छाड़ की संभावना को खत्म करने के लिए ब्लाकचेन टेक्नोलॉजी अपनायेगा एल0डी0ए0

### लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने आई0आई0टी0 कानपुर की टीम के साथ की बैठक

अवध की आवाज

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में सम्पत्ति के रिकार्ड से किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ न किया जा सके। इसके लिए प्राधिकरण आई0 आई0 टी0 कानपुर के साथ भागीदारी करके रिकार्ड मैनेजमेन्ट हेतु ब्लाकचेन टेक्नोलॉजी अपनाने जा रहा है। आज दिनांक 17 अगस्त, 2021 को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने आई0आई0टी0 कानपुर की टीम के साथ इस संबंध में बैठक की। इस दौरान आई0 आई0 टी0 के प्रोफेसर ने ब्लाकचेन टेक्नोलॉजी से संबंधित प्रजेन्टेशन दिया। उपाध्यक्ष ने इस तकनीकी के परीक्षण हेतु 3 अधिकारियों की टीम गठित की है, जो अब आई0 आई0 टी0 कानपुर के विशेषज्ञों के साथ समन्वय बनाकर इस प्रोजेक्ट पर कार्य करेगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि प्राधिकरण की सम्पत्ति के सभी रिकार्ड का कम्प्यूटराइजड डाटाबेस है। इसमें किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ व दुरूपयोग किये जाने की संभावना न हो। इसके लिए ब्लाकचेन टेक्नोलॉजी तथा सस्टेनिबिलिटी सोल्यूशन को उपयोग में लाने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने 3 अधिकारियों की टीम बनाई है, जो



आई0 आई0 टी0 कानपुर की ब्लाकचेन टेक्नोलॉजी टीम से सम्पर्क बनाकर यह देखेगी कि प्राधिकरण में वर्तमान में चल रहे डाटाबेस में ब्लाकचेन का उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि बसन्तकुंज और प्राधिकरण की आने वाली अन्य नवीनतम योजनाओं पर ब्लाकचेन टेक्नोलॉजी का उपयोग करके इससे होने वाले लाभ पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उपाध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान में इस्तेमाल हो रहे साफ्टवेयर तथा डाटाबेस का अध्ययन करते हुए इस पर ब्लाकचेन टेक्नोलॉजी के प्रयोग की सम्भावना का प्रस्ताव प्रस्तुत करें। इसके अलावा उन्होंने प्राधिकरण द्वारा सस्टेनिबिलिटी सोल्यूशन पर किये गये नवीनतम अनुबन्ध का आई0 आई0 टी0 इलाहाबाद द्वारा परीक्षण करवाकर रिपोर्ट प्राप्त करने के निर्देश दिये।

## भगवान भोलेनाथ के मन्दिर व कुएं का किया गया जीर्णोद्धार

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। नगर पंचायत क्षेत्र में रकेहटी के पूर्व मोहल्ले में स्थित प्राचीन कुआँ तथा शंकर भगवान के मंदिर का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। विदित हो कि इस प्राचीन कुआँ तथा मंदिर का निर्माण सैकड़ों वर्ष पहले भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र कुमार के पूर्वजों के द्वारा कराया गया था। समाज के लोगों ने छतिग्रस्त मंदिर और कुआं को देखकर देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में 26 जुलाई 2021 को मंदिर को भव्य स्वरूप दिलाने का संकल्प लेते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बैरिस्टर जी वो सह जिला कार्यवाह अमरेश जी के कर कमलों से भूमि पूजन कराया था। मंदिर का कार्य पूर्णता की ओर है। शिव मंदिर की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम तथा शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ 13– 8 –2021 से 19 –8–2021 तक चल रहा है। 19–08–2021 को शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की पूर्णाहुति के साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा। 18–08–2021को शिव परिवार शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार गुप्ता, विनीत जयसवाल , रमेश चंद्र तिवारी, संजीव शुक्ला, रोहित पांडे,छोटे कश्यप, सुनील लोधी , सहजराम जयसवाल, मनोज पांडेय, ओमप्रकाश मौर्य, अनूप कुमार गुप्ता,



वरिष्ठ भाजपा नेता के साथ रामनिवास , छत्रपाल पांडेय, अंकित पांडेय , भूपेंद्र चतुर्वेदी , धर्मेंद्र कुमार , अनुज चतुर्वेदी , कृष्ण कुमार पांडेय, परमेश्वर कश्यप, अजय गुप्ता , जगत नारायण आदि के साथ संपूर्ण जनमानस का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है। श्री शिव महापुराण की कथा का वाचन पूज्य श्री डॉक्टर अवधेश मिश्रा आचार्य जी के मुखारविंद से की जा रही है ।

## कलेक्टर की जिले के नागरिको से अपील

## जन्म दिन पर करे वृक्षा रोपण

अवध की आवाज ब्यूरो

मध्य प्रदेश। जिला सिंगरौली वृक्षारोपण कर जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाये:–राजीव रंजन मीना कलेक्टर राजीव रंजन मीना के द्वारा जिले के नागरिको



से अपील की गई है कि अपने जन्म दिवस पर वृक्षारोपण कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाये। उन्होने कहा कि जिले के आम नागरिक संकल्प ले कि जन्म दिवस पर हमे वृक्षा रोपण करना है एवं आने वाले पॉच जन्म दिवसो तक पूरे मनोयोग से उनकी देखभाल करना है। उन्होने जिले के जन प्रतिनिधियो से भी अग्रह किया कि आम लोगो को वृक्षारोपण करने हेतु प्रेरित करे। कलेक्टर मीना ने कहा कि वृक्षारोपण वास्तव मे एक पुण्य कार्य है जो हर मनुष्य को करना चाहिये।उन्होने कहा कि अगर आप अपने जन्म दिन पर कुछ अच्छा करना चाहते है तो वृक्षा रोपण अवश्य करे। वृक्षारोपण एक बार किया जाता है लेकिन उससे पुण्य हमे कई वर्षो तक मिलता है। उन्होने कहा कि विद्यालयो मे शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चो को अध्यापक वृक्षारोपण का महत्व बताकर अपने जन्म दिन पर कम से कम एक पौध लगाने के लिए प्रेरित करे। कलेक्टर ने कहा यदि आप एक पौधा लगा रहे है तो अपनी आने वाली पिढ़ियो को सुरंक्षित कर रहे। उन्होने जिले के नागरिको से आग्रह किया सभी संकल्प ले कि अपने जन्म दिन पर कम से कम एक वृक्ष लगायेगे एवं अगले पॉच जन्म दिनो तक बच्चो की तरह उनकी देखभाल करेगे।

## नियमों की अनदेखी कर मजार पर लगा मेला हजारों की उमडी भीड

अवध की आवाज ब्यूरो

मनकापुर गोंडा। थाना क्षेत्र इटियाथोक के ग्राम पंचायत बस्ती स्थित मीरा सैयद शाह मजार पर नियमों की अनदेखी कर हजारों की संख्या मे पहुचें लोग कोरोना गाइडलाइन की उड़ी धज्जियां मौके



पर पुलिस को भीड़ तितर–बितर करने में फूले हाथ पाव पूरा मामला बस्ती स्थित मीरा सैयद शाह मजार का है जहाँ मोहर्रम से पूर्व सतई मेले में आज हजारों की संख्या में मजार पर फातिया पढ़ने व चादर चढ़ाने के लिए पहुंचे देखते ही देखते इस कदर भीड़ उमडी कि मौके पर पुलिस को घंटों कडी मशक्कत के बाद भीड हटाने मे कामयाबी हासिल हुई ।उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा कोरोना महामारी के चलते भीड़भाड़ वाले सभी धार्मिक अनुष्ठानो पर सरकार ने पूर्व से ही प्रतिबंध लगा रखा है इसी क्रम में आगामी मुहर्रम त्योहार को लेकर इटियाथोक कोतवाली में मुस्लिम समुदाय के जिम्मेदारों को बुलाकर थाना प्रभारी ने पीस कमेटी की बैठक की थी जिसमें कोतवाल संजय कुमार दुबे ने सभी को बताया था कि इस बार मुहर्रम पर ना तो ताजिया रखी जायेगी और ना ही कोई जुलूस निकाला जायेगा।बावजूद यहां मीरा सैयद शाह मजार हजारों की संख्या में जुट कर लोगों ने उडाई नियमों की धज्जियां।

## ग्राम कुदरा में चोरों ने नगदी समेत जेवरात किये पार,रिपोर्ट हुई दर्ज

अवध की आवाज

उरई (जालौन) रात के अंधेरे में बेखौफ चोरों ने ग्राम कुदरा में दो घरों में धावा बोलकर नगदी समेत जेवरात पार कर दिये। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा बुजुर्ग निवासी साधूराम पुत्र हरीराम व हरदास पुत्र गिरु ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शनिवारध्रविवार की रात करीब डेढ़ बजे वह अपने अपने घरों में परिजनों संग सो रहे थे। तभी उन्हें कुछ लोगों के चहलकदमी करने की आहट सुनी जिसके बाद बाहर निकलकर देखा तो करीब 8 व्यक्ति अवैध असलहों से लैस थे और उक्त लोगों ने मार देने की धमकी देते हुए मौके से दौड़ लगा दी। साधूराम प्रार्थना पत्र में बताया कि अज्ञात चोर उसके घर में से 15 हजार रुपये नगद व सोने की झुमकी, मंगलसूत्र, चाँदी की पायलें, बिछिया चोरी कर ले गये। हरदास ने अपने घर से सोने की झुमकी, मंगलसूत्र व चाँदी की हाफपेटी चोरी चली जाने की बात प्रार्थना पत्र में कही है। उक्त घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ दफा 380 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव में चोरी की नयी घटना घटित होने से ग्रामीणों में जहाँ भय देखा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पुलिस कार्यप्रणाली के प्रति आक्रोश भी नजर आ रहा है। रविवार को ग्राम प्रधान रविन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में करीब डेढ़ दर्जन की संख्या में एकत्रित किसानों ने प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही को लिखित शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि बीते कई दिनों से कुदरा समेत आसपास के गांवों में असलहा धारी चोरों की चहल कदमी देखी जा रही है जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है और कभी भी चोरी की कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है ग्रामीणों ने कहा कि चोरों के भय से हम ग्रामीणों को रात्रि में पहरेदारी करनी पड़ रही है इसलिए रात्रि के समय पुलिस गश्त बढ़ाया जाये।इस दौरान शैलेन्द्र सिंह, अवनीत,सुदामा, राममिलन, संतोष, रामसिंदूर, सुधीर, मंजेश, साधूराम, सुनील, हरदास, शीतल, अरविंद, गजराज, हरचरन आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

पेज 1 का शेष

इस दौरान योगी आदित्यनाथ सरकार के एक राज्य मंत्री पिछले दिनों छह सदस्यों के निधन पर शोक सभा की गई। सत्र के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सत्ता पक्ष गांव, गरीब, महिलाओं व विकास के हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। हमें उम्मीद है कि सदन में सार्थक चर्चा होगी। इसके पहले सपा विधायक व एमएलसी सत्र के पहले दिन बैलगाड़ियों से विधानभवन जा रहे थे जिन्हें पुलिस कर्मियों ने रोक लिया। सपा नेता पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण सरकार का विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा सपा कार्यकताओं ने विधानभवन के सामने भी प्रदर्शन किया। आज पहले दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही समाजवादी पार्टी के विधायक तथा विधान परिषद सदस्य विधान भवन के बाहर सड़क पर प्रदर्शन करने लगे। मानसून सत्र के पहले दिन महंगाई और बेरोजगारी का विरोध करते हुए समाजवादी पार्टी के विधायक बैलगाड़ी से विधानभवन पहुंचे। सपा विधायकों ने सरकार विरोधी नारे लगाए। एक हाथ में राष्ट्रध्वज और एक हाथ में समाजवादी पार्टी का झंडा लिए बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का विरोध कर रहे थे। इसके बाद सपा के कुछ विधायक विधान भवन में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास प्रदर्शन करने लगे। इसके बाद जो भी गेट बंद थे, वहां पर इनका प्रदर्शन शुरू हो गया। मंहगाई तथा महिला के खिलाफ बढ़ते अपराध को लेकर इनका आक्रोश काफी बढ़ा है। विधान परिषद सदस्य राजेंद्र चौधरी तथा राजपाल कश्यप के नेतृत्व में यह लोग सड़क पर जमे थे। कांग्रेस के नेता भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, विधायक दल की नेता अराधना मिश्रा मोना तथा नेता विधान परिषद दीपक सिंह ने भी विधान भवन में सरकार के खिलाफ प्ले कार्ड लेकर प्रदर्शन किया। कांग्रेसी नेता रिक्शा और ठेला लेकर विधानसभा पहुंचे। सपा विधान मंडल दल के नेता रामगोविंद चौधरी ने कहा कि पार्टी महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दे को जोरशोर से उठाएगी। सरकार ने किसानों से किए गए एक भी वादे को पूरा नहीं किया। खाद–बीज महंगा कर दिया गया। डीजल के दाम बढ़ने से किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। तमाम किसानों ने इस सीजन में खेत को खाली छोड़ दिए हैं। अनाज से लेकर दाल तक के दाम बढ़ गए हैं। कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी से तमाम लोगों ने दम तोड़ दिया। युवाओं को नौकरी देने के वादे पर भी सरकार पूरी तरह से फेल रही है।

# जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में विकास भवन मे बैठक

अवध की आवाज

माधौगढ (उरई) सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विकास कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति न पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने प्रबंधक जीएम दूध डेरी को लक्ष्य के सापेक्ष कार्य न करने पर 1 महीने का वेतन रोकने के निर्देश दिए साथ ही प्रबंध ाक जीएम डेरी के अधीन 3 कर्मचारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने दूध डेयरी और सक्रिय की जाएं इसके लिए माइक्रो प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला खादी ग्रामोद्योग अधि ाकारी को 1 दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए साथ ही प्रतिकूल प्रविष्टि देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष कार्य न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित



विभागों को निर्देश दिए कि जिनके विद्युत बिल बकाया है बजट उपलब्ध है उसे इस माह में तत्काल विद्युत देय भुगतान कराना सुनिश्चित करें नहीं तो संबंधित विभागों की विद्युत कट जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लक्ष्य के सापेक्ष गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को लाभ दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए।जिलाधिकारी ने टीकाकरण जननी सुरक्षा योजना में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि टीकाकरण सत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सीएचसी पीएचसी व जिला अस्पताल में दवाई की उपलब्धता शत प्रतिशत रहे। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों एवं 50 लाख और उससे अधिक लागत की परियोजनाओं के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की उन्होंने संबंधित कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जिन्हें रेटिंग में बी एवं डी श्रेणी प्राप्त हुई है वह अपने विभागीय कार्यों की समीक्षा करें जहां भी कमी है उसे तत्काल सुधार करें। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## कदौरा ब्लाक मे प्रदेश सरकार की शौचालय योजना पर भी धांधली फर्जी मनादेय पर हो रही बंदरबांट

अवध की आवाज

कदौरा/जालौन।स्वच्छ भारत मिशन को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर धन खर्च सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण करवाया गया है लेकिन ब्लाक स्तरीय अधिकारियों की लापरवाही व कमीशन खोरी के चलते सरकार की उक्त योजना पर भी पलीता लग रहा है जिस पर कोई गौरतलब करने वाला नही है। गौरतलब हो कि कदौरा विकास खण्ड में आधा सैकड़ा से ग्राम पंचायतों में 6 लाख तक की कीमत के सामुदायिक शौचालयों का निर्माण सार्वजनिक स्थलों पर कराया गया था जो कागजों में फिट है पर हकीकत में स्थिति दयनीय है बड़ी बात ये है कि अधिकांश जगह उक्त सामुदायिक शौचालय 7 माह बीतने के बाद भी पूर्ण नही हो सके जिनमे सिर्फ ताला ही लगा हुआ है एव राहगीर से लेकर ग्रामीण सड़क में ही शौंच कर रहे है। गौर करने की बात ये है कि कुछ माह पहले कदौरा विकास खण्ड क्षेत्र ग्राम बबीना व हांसा में उक्त योजना की जांच




को लेकर पहुंचे नोडल अधिकारी द्वारा लापरवाही साबित होने पर सम्बन्धित अधिकारी को फटकार लगाते हुए सस्पेंड कार्यवाही की गयी थी कार्यवाही के 4 माह बीतने के बावजूद उक्त बबीना में शौचालय





अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव अचलगंज पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में दिनांक 17/08/2021 को थाना अचलगंज पर महिला सुरक्षा समिति की मीटिंग की गई।मिशन शक्ति के आगामी फेज 3 अभियान के दृष्टिगत सभी को महिला सुरक्षा के बारे में निर्गत आदेश–निर्देश एवं अग्रिम कार्यक्रम और सशक्तिकरण के संबंध में जागरूक किया गया।विभिन्न हेल्पलाइनों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

# विधानसभा सत्र से पहले समाजवादी पार्टी के विधायकों का प्रदर्शन

लखनऊ, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का मानसून सत्र मंगलवार को शुरू होने से पहले ही समाजवादी पार्टी के विधायक भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों के विरोध में विधान भवन के बाहर प्रदर्शन करते नजर आए। प्रदर्शन के दौरान कुछ विधायक मंहगाई का विरोध करते हुये हाथ में गैस सिलेंडर का 'कटआउट' लिये हुये थे। नेताओं ने हाथों में सरकार के खिलाफ बैनर और पोस्टर भी ले रखे थे और सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे थे। कुछ विधायक हाथों में 'आईना' भी लिये हुये थे और इससे सरकार को 'सच्चाई दिखाने' की बात कह रहे थे। इस बीच समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा, 'भाजपा का झूठ सबको बतायेंगे, भाजपाइयों को आईना दिखायेंगे।' सपा विधायक और विधान परिषद सदस्यों में मंहगाई तथा महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध को लेकर आक्रोश नजर आया। विधान परिषद सदस्य राजेंद्र चौधरी, अहमद हसन, सुनील साजन तथा राजपाल कश्यप के नेतृत्व में सपा नेताओं ने प्रदर्शन किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुये सपा के सुनील साजन ने कहा, 'हम लोग सड़क से लेकर सदन तक उप्र के किसानों का मुद्दा, बेरोजगार नौजवानों का मुद्दा, महिला सुरक्षा का मुद्दा उठाएंगे तथा महंगाई के खिलाफ, भ्रष्टाचार के खिलाफ हम लोग सरकार को घेर रहे हैं। साथ ही साथ बता रहे हैं कि सरकार ने अपने संकल्प पत्र में क्या कहा था और साढ़े चार साल में क्या किया है।' उप्र विधानसभा का मानसून सत्र 24 अगस्त तक चलेगा। सरकार 18 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे अनुपूरक बजट पेश करेगी।

## जनहित, गांवों, विकास समेत कई अहम मुददों पर चर्चा के लिये तैयार है उप्र सरकार: योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले मंगलवार को कहा कि सरकार जनहित, गांवों, विकास,



युवाओं और महिलाओं आदि से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा के लिये तैयार है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले संवाददाताओं से कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जनहित, गांवों, विकास, युवाओं और महिलाओं से जुड़े सभी अहम मुद्दों पर चर्चा के लिये तैयार है। योगी ने कहा कि राज्य में कोरोना वायरस से निपटने को लेकर सदन में चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां कोरोना वायरस संक्रमण का पता लगाने के लिए सात करोड़ नमूनों की जांच की गयी और प्रदेश टीके की छह करोड़ खुराक देने वाला पहला राज्य बन गया है। उन्होंने कहा कि यदि सदन के सदस्य कोरोना वायरस की जांच और संक्रमण से निपटने संबंधी प्रयासों पर सहयोग करेंगे, तो अफवाह फैलाने वाले तत्व बेनकाब होंगे। उन्होंने निःशुल्क टीका उपलब्ध कराने के लिये प्रध ानमंत्री का आभार व्यक्त किया। उत्तर प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र मंगलवार से शुरू हो रहा हैं, जो 24 अगस्त तक चलेगा।

# तीन आईपीएस अफसरों का तबादला, दो जिलों के कप्तान बदले

लखनऊ, (वेब वार्ता)। राज्य सरकार ने सोमवार देर रात को तीन आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया है। दो जिलों के पुलिस कप्तान बदले गए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक (कार्मिक) राजकुमार ने बताया कि देर रात को गाजियाबाद और मुरादाबाद के एसएसपी समेत तीन आईपीएस अधिकारियों का तबादला हुआ है। इससे पहले दो आईपीएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की गई थी। तबादला सूची के मुताबिक, गाजियाबाद में डीआईजी/एसएसपी अमित पाठक को डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। पवन कुमार को एसएसपी मुरादाबाद से हटाकर गाजियाबाद भेजा गया है और एटीएस में पुलिस अधीक्षक रहे बबलू कुमार को मुरादाबाद का नया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

# जनता का हरसंभव मदद करना मेरा कर्तव्य-गौरा विधायक

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। गौरा विधानसभा के विधायक प्रभात वर्मा ने अपने आवास पर लोगों की सुनी समस्या बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी के गौरा विधानसभा के विधायक प्रभात वर्मा अपने आवास पर आए हुए सैकड़ों जनमानस की बात को सुनकर संबंधित से बात कर तत्काल निस्तारण कराया श्री वर्मा ने बताया कि जनता की हर संभव मदद करना मेरा दायित्व है मैं यह चाहता हूं कि गौरा विधानसभा के जो भी जनमानस है। उनकी हर संभव मदद करूं और उनके हर सुख दुख में शामिल हूं क्योंकि उन्होंने ही हमको विधायक बनाया है इसीलिए मैं उनके सेवा में सदैव हाजिर रहते हैं।



# शाहपुर गांव पहुंचे पूर्व राज्यसभा सांसद बोले 22 में बनेगी बहन जी की सरकार

अवधकी आवाज

कहोबा चौराहा गोंडा। नवाबगंज के शाहपुर गांव मे बसपा के पूर्व राज्य सभा सांसद सलीम अंसारी ने अल्पसंख्यक समाज की बैठक के दौरान दलितों व अल्पसंख्यकों से अपील किया कि अगर 18 प्रतिशत मुसलमान व 23प्रतिशत दलित एक हो जाए तो बसपा की सरकार बनेगी जरुरत है कि दोनो समाज आगे बढ़कर एक दुसरे की मदद करे इन दोनों समाज के लोगो को शिक्षा के प्रति जागरूक होना होगा वर्तमान समाज मे यह दोनो शिक्षा से दूर है इसलिए यह पीछे है। इस दौरान उन्होंने मुस्लिमो से बताया कि मुसलमान पार्टी बनाकर कुछ नही कर सकता है। जरुरत है कि भाईचारा बनाकर अपनी हिस्सा ले और सरकार बनाने मे बसपा की मदद करे जैसा कि मालुम है कि बसपा के पूर्व राज्यसभा सांसद लखनऊ से बलरामपुर जाते समय शाहपुर गांव मे बसपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मंत्री प्रभारी राजिक उस्मानी के आवास पर रुके तथा अल्पसंख्यको की बैठक कर लोगो से मिलकर पार्टी के लिए समर्थन मांगा इस मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कि संयोजक श्यामनरायण कोरी तथा चिंटू को सहसंयोजक घोषित किया गया। इस बैठक मे मनकापुर विधानसभा के बसपा के तमाम गांव के कार्यकर्ता व लोग शामिल रहे। बसपा नेता राजमणि चौहान,होलापुर प्रधान प्रतिनिधि जैनुल आबदीन, चकशिवरहा प्रधान नवी अहमद, शहबान अली हनफी, नवी बक्श कादरी, महेश गुप्ता, जमाल भाई, लायक,सोनू खान,पूर्व सभासद नवाबगंज सफीउल्ला, सुमन सहित तमाम लोग मौजूद रहे, कार्यक्रम के पहले राजिक उस्मानी ने पूर्व राज्य सभा सांसद का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया, तथा कार्यक्रम का संचालन पार्टी जिलाध्यक्ष मनोज कनौजिया ने किया।



## सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वाले लोगो ने पुलिस के साथ की मारपीट,13 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज

बदायूँ, (वेब वार्ता)। बदायूँ के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गाँव नूरपुर पिनौनी में सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने वाले लोगों ने सब इंस्पेक्टर व सिपाही के साथ कथित रूप से मारपीट की। घटना में शामिल कुछ लोगों को बाद में पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने सिपाही की तहरीर पर शराब पीने वालो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस घटना का एक वीडियो वायरल हो गया हैं। बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि सोमवार रात सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने की सूचना मिलने पर एक दरोगा व कांस्टेबल मौके पर पहुंचे तो शराब पी रहे लोगों ने उन पर हमला बोल दिया और मारपीट की। इस मामले में 13 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया हैं। यह घटना बदायूँ के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गाँव नूरपुर पिनौनी की है।

# सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत

जालौन, (वेब वार्ता)। उत्तर प्रदेश में जालौन जिले के उरई कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर से टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विनोद पांडेय ने मंगलवार को बताया कि कोतवाली क्षेत्र में गढर गांव के नजदीक सोमवार की रात करीब साढ़े आठ बजे तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवक कल्लू (24), सीताराम (27) और अवध बिहारी (26) गंभीर रूप घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ले गयी, जहां चिकित्सकों ने कल्लू और सीताराम को मृत घोषित कर दिया। एसएचओ ने बताया कि गंभीर रूप से घायल अवध बिहारी को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज झांसी भेजा गया है। पांडेय ने बताया कि दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर और उसके चालक की तलाश की जा रही है। दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है।

## राजकुमार ठक्कूर ने सहयोगियों संग थैलेसीमिया की जांच कराई

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोंडा। सिंधी समाज के मुखिया राजकुमार ठक्कूर ने अपने सहयोगी समाजवादी सिंधी सभा के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, भारतीय सिंधु सभा के जिला अध्यक्ष केशव भाई एवं भारतीय सिंधु सभा के महामंत्री किशन राजपाल सहित अन्य कई लोगों के साथ अयोध्या में 15 अगस्त को पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम जानलेवा खतरनाक बीमारी थैलेसीमिया जांच शिविर में जांच कराई। थैलेसीमिया एक ऐसी खून की बीमारी है जो हमे विरासत मे माँ बाप से मिलती है यह एक तरह से खून की कमी है जो किसी प्रकार की दवाइयो से दूर नही की जा सकती है यह बाते थैलेसीमिया जांच शिविर व सेमीनार मे मुबंई से आये तोलानी सेवा संकल्प के निदेशक थदाराम तोलानी ने बतायी उन्होने बताया कि थैलेसीमिया मेजर की छाया जन्म से ही दिखायी देती है भारत मे लगभग सात लाख बच्चे थैलेसीमिया मेजर है।सेमीनार का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वज फैहराकर व प्रभु झूलेलाल, संत नवलराम व भारत माता पर माल्यापर्ण कर किया गया सेमीनार की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजकुमार मोटवानी व संचालन ओमप्रकाश ओमी ने किया। इस मौके पर तोलानी का माला पहनाकर व शाल ओढाकर पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के संरक्षक वरियल दास, मुखिया ओमप्रकाश अंदानी, सिंधु सेवा समिति के अध्यक्ष मोहन मध्यान,कंवरराम मिशन के अध्यक्ष राजकुमार जीवानी, मुखिया अतिथि मौजूद थे इस मौके पर कशिश चावला, शालिनी राजपाल, सपना राजपाल, माला खत्री,आशीष कौर,सीमा आहूजा, प्रिया वलेशाह, साक्षी साधवानी, चेतना वासवानी,काव्या खेटपाल आदि का



अशोक मदान, भीमनदास माखेजा, रोशन तोलानी,हरीश मंध्यान, जगदीश वाधवानी,सरल ज्ञाप्रटे,अंजली ज्ञाप्रटे, नीलम मंध्यान,अमृत राजपाल,सुमित माखेजा, अर्जुन वासवानी ने स्वागत किया और सेमीनार मे अपने अपने विचार रखे संचालन कर रहे ओमी ने बताया कि शिविर मे 317 लोगो ने जाचं करा कर अब तक के पूरे उत्तर प्रदेश मे लगे शिविर का रिकार्ड तोड दिया शिविर मे अबेडकरनगर,गोंडा, सुल्तानपुर के भी विशेष व सराहनीय सहयोग रहा शिविर के प्रभारी टीकमदास माखेजा व सह प्रभारी तेजकुमार माखेजा और राकेश तलरेजा, नारायण दास, कन्हैया लाल सागर, गोविंद राम, अर्जुन दास,सुरेश तलरेजा,कन्हैया माखेजा, जयरामदास,विकास आहूजा, मनोहर आहूजा, शकंर केवलरामानी, सुरेश केवलरामानी,कपिल हासानी,संजय मध्यान,गिरीश राजपाल, अमित खत्री,नीरज पंजवानी आदि का विशेष सहयोग रहा।

## राजस्व एवं खनिज की संयुक्त टीम के द्वारा अवैध रेत परिवहन करने वालो पर की कार्यवही

### निर्धारित मार्ग से कोल परिवहन न करने पर 6 ट्रको को किया गया जंप्त

जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश। सिंगरौली कलेक्टर राजीव रंजन मीना के निर्देश के परिपालन मे अनुभाग सिंगरौली अंतर्गत राजस्व एवं खनिज की संयुक्त दल के द्वारा अवैध रेत का परिवहन करने पर दो ट्रेक्टरोको जप्त किया गया। दल मे शामिल एसडीएम सिंगरौली ऋषि पवार सहित खनिज अधिकारी ए.के राय तहसीलदार जीतेन्द बर्मा, एवं खनिज निरीक्षक विद्यापति तिवारी के द्वारा आकस्मिक रूप से निरीक्षण कर अवैध रेत का परिवहन करते हुये दो ट्रेक्टरो को जप्त को जप्त करने की कार्यवाही की गई। वही निर्धारित मार्ग के विपरीत दूसरे मार्ग से कोल परिवहन करने पर 6 ट्रको को जंप्त किया गया। एवं परिवहन संबंधित नियमो के तहत कार्यवाही की गई।



# सम्पादकीय

## यादों में सावन के झूले

सावन के झूलों ने मुझको बुलाया मैं परदेसी घर वापस आया। सावन आते ही लोगों की जुबान पर ऐसे गाने खुद–ब–खुद आने लगते हैं। पहले लोगों को सावन के महीने का बेसब्री से इंतजार रहता था। सावन शुरू होते ही गांव की गलियों से लेकर शहरों तक झूले पड़ते थे। महिलाएं झूला झूलतीं और गाती थीं। लड़कियां ससुराल से मायके आती थीं। लेकिन अब ये सब परंपरायें समाप्त होती जा रही है। अब न तो पेड़ों पर झूले डलघ्ते हैं और ना ही गीत सुनाई देतें है।

सावन के आते ही गली–कूचों और बगीचों में मोर, पपीहा और कोयल की मधुर बोली के बीच युवतियां झूले का लुत्फ उठाया करती थीं। अब न तो पहले जैसे बगीचे रहे और न ही मोर की आवाज सुनाई देती है। यानी बिन झूला झूले ही सावन गुजर जाता है। लगातार पड़ रहे प्राकृतिक आपदाओं के कहर का असर माना जाए या वन माफियाओं की टेढ़ी नजर का परिणाम कि गांवों में भी बगीचे नहीं बचे, जहां युवतियां झूला डाल कर झूल सके व मोर विचरण कर सके।

पहले सावन का महीना आते ही गांव में सावन की मल्हारें गूंजने लगती थी। गांवों में युवतियां श्रावणी गीत गाकर झूला झूलने का आनंद लेती थी। वहीं जिन नव विवाहिता वधुओं के पति दूरस्थ स्थानों पर थे उनकों इंगित करते हुए विरह गीत सुनना अपने आप में लोक कला का ज्वलंत उदाहरण हुआ करते थे। समय के साथ पेड़ गायब होते गए और उनके स्थान पर बहुमंजिला इमारतों के बनने से आंगन का अस्तित्व लगभग समाप्त हो गया। ऐसे में सावन के झूले भी यादें बनकर हमारी परम्परा से गायब हो रहे हैं। अब सावन माह में कुछ जगहों पर ही झूले दखाई देते हैं। जन्माष्टमी पर मंदिरों में सावन की एकादशी के दिन भगवान को झूला झुलाने की परम्परा अभी भी निभाई जा रही है।

भारतीय संस्कृति में झूला झूलने की परम्परा वैदिक काल से ही चली आ रही है। भगवान श्रीकृष्ण राधा संग झूला झूलते और गोपियों संग रास रचाते थे। मान्यता है कि इससे प्रेम बढने के अलावा प्रकृति के निकट जाने एवं उसकी हरियाली बनाये रखने की प्रेरणा मिलती है। संस्कृति एवं परम्परा की ही देन है कि देश के विभिन्न क्षेत्रों के गांव और कस्बों में लोग झूला झूलते हैं। विशेष कर महिलाएं और युवतियां इसकी शौकीन होती हैं। सावन व भादो का महीना हमे प्रकृति के और निकट ले जाता है। झूले झूलने के दौरान गाये जाने वाले गीत मन को सुकून देते हैं।

सावन में झूला झूलना मात्र आनंद की अनुभूति नहीं कराता अपितु यह स्वास्थ्यवर्धक प्राचीन योग भी है। सावन महीने की विशेषता है कि इस माह हवा अन्य महीनों की तुलना में अधिक शुद्व होती है। सावन में चारो तरफ हरियाली छाई होती है। हरा रंग आंखों पर अनुकूल प्रभाव डालता है। इससे नेत्र ज्योति बढ़ती है। झूला झूलते समय श्वांस–उच्छवास लेने की गति में तीव्रता आती है। इससे फेफड़े सुदृढ़ होते हैं। इसके साथ ही झूलते समय श्वांस अधिक भरा, रोका एवं वेग से छोड़ा जाता है। इससे नवीन प्रकार का प्राणायाम पूर्ण हो जाता है जो स्वास्थ्य वर्धक है। झूलते समय रस्सी पर हाथों की पकड़ सुदृढ़ होती है। इसी प्रकार खड़े होकर झूलते समय झूले को गति देने बार–बार उठक–बैठक लगानी पड़ती हैं। इन क्रियाओं से एक ओर हाथ, हथेलियों और उंगलियों की शक्ति बढ़ती है वहीं दूसरी ओर हाथ–पैर और पीठ–रीढ़ का व्यायाम हो जाता है।

अब सावन तो आता है पर अपने रंग नहीं बिखेर पाता। जिस सावन के आते ही नववधु ससुराल से मायके पहुंच जाती थी। अब वैसा सावन नही होता है। वर्तमान समय में अब झूले की परम्परा लुप्त हो रही है। सावन भादों की खुशबू अब कहीं नहीं दिखती है। कुछ स्थानों को छोड़ कर लोग इसका आनंद नहीं ले पा रहे हैं। झूलों के नहीं होने से हमे लोक संगीत भी सुनने को नहीं मिलता है।

आधुनिकता की दौड़ में प्रकृति के संग झूला झूलने की बात अब कहीं नहीं दिखती है। आज से दो दशक पहले तक झूलों और मेंहदी के बिना सावन की परिकल्पना भी नही होती थी। आज के समय में सावन के झूले नजर ही नहीं आते हैं। लोग इसका कारण जनसंख्या घनत्व में वृद्धि के साथ ही वृक्षों की कटाई मानते हैं। लोग अब घर की छत पर या आंगन में ही रेडीमेड फ्रेम वाले लोहे के झूले पर झूलकर मन को संतुष्ट कर रहे हैं। बुद्धिजीवी वर्ग सावन के झूलों के लुप्त होने की प्रमुख वजह सुख सुविधा और मनोरंजन के साधनों में वृद्धि को मान रहे हैं। वर्षा ऋतु की खूबियां अब किताबों तक ही सीमित रह गयी है। वर्षा ऋतु में सावन की महिमा धार्मिक अनुष्ठान की दृष्टि से तो बढ़ रही है। मगर प्रकृति के संग जीने की परम्परा थमती जा रही है।

झूला झूलने के खत्म हुए रिवाज के लिए गांवों में फैल रही वैमनष्यता जिम्मेदार हैं। पहले गांव के लोग हर बहन–बेटी को अपनी मानते थे लेकिन अब जमाना बदल गया है। जिसके हाथ में रक्षा सूत्र बांधा जाता है वही भक्षक बन जाता है। कुल मिला कर बाग–बगीचों के खात्मे के साथ जहां मोर–पपीहों की संख्या घटी है वहीं भाईचारे में कमी आई है। नतीजतन झूला झूलने की परम्परा को ग्रहण लग गया है।

पहले संयुक्त परिवार में बड़े–बूढ़ों के सानिध्य में लोग एक दूसरे के घरों में एकत्रित होते थे। आज बढ़ती एकल परिवार की प्रवृति ने आपसी स्नेह को खत्म कर दिया है। महिलाएं सामुदायिक केन्द्रो में जाकर पर्व मनाती हैं। शहरों में अब झूले डालने के लिए जगह की तलाश करनी पड़ती है। अब तो पारम्परिक पहनावा भी आधुनिकता की भेंट चढ़ गया है। अब छुट्टी के दिन लोग परिवार के साथ बाग–बगीचों में जाकर सावन का त्यौहार मनाने की रस्म पूरी करते हैं। वर्षा ऋतु में सावन की खूबियां अब किताबों तक ही सीमित रह गई हैं। प्रकृति के साथ जीने की परम्परा थमती जा रही है। सावन में एक माह तक शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में झूला झूलने का दौर भी अब समाप्त हो गया है।

# विदेशी नहीं, घरेलू खपत बढ़ाइए

–भरत झुनझुनवाला–

सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021–22 में देश के समक्ष 400 अरब डॉलर के माल के निर्यात का लक्ष्य रखा है, जोकि कोरोना पूर्व के निर्यातों से लगभग 30 प्रतिशत अधिक है। निर्यातों को बढ़ाना इसलिए जरूरी होता है कि हमें जरूरी आयातों के लिए विदेशी मुद्रा अर्जित करनी होती है। लेकिन माल के निर्यातों से हम अपने बहुमूल्य संसाधनों का निर्यात करते हैं। जैसे चावल का निर्यात करने में हम अपनी भूमि और पानी को चावल में पैक करके विदेशियों की खपत के लिए भेज देते हैं। फिर इस निर्यात से अर्जित रकम से हम दूसरे माल जैसे अमरीकी अखरोट अथवा स्विट्जरलैंड कि चॉकलेट का आयात करते हैं। अंतिम उद्देश्य देशवासियों की खपत का ही है। हम अपने द्वारा उत्पादित माल जैसे चावल का सीधे अपने देशवासियों को देकर उनकी खपत में वृद्धि कर सकते हैं अथवा पहले अपने माल का निर्यात करके उसके एवज में चीन में बने एलईडी बल्ब का आयात करके पुनः अपने देशवासियों को खपत के लिए उपलब्ध करा सकते हैं। प्रश्न है कि क्या हमें निर्यात के माध्यम से अपने नागरिकों की खपत बढ़ानी चाहिए अथवा सीधे ही अपने माल की खपत बढ़ानी चाहिए? जैसे देश में उत्पादित चावल को सीधे ही अपने नागरिकों को उपलब्ध करा दिया जाए अथवा चीन में बने एलईडी बल्ब को उपलब्ध कराया जाए। सीधा दीखता है कि यदि हम स्वयं एलईडी बल्ब को चीन के समतुल्य सस्ता बना लें, तो चावल के निर्यात और बल्ब के आयात का घमंजा नहीं रह जाएगा। आज विश्व का एक ही बाजार स्थापित हो गया है।

हमारे उद्यमी चीन में फैक्ट्रियां लगाकर वहां पर माल बनाकर चीन से भारत एवं अन्य देशों को निर्यात कर रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि हमारे उद्यमियों के पास वैश्विक स्तर की उत्पादन तकनीकें उपलब्ध हैं और कच्चे माल का एक ही वैश्विक बाजार है। जैसे एलईडी बल्ब बनाना है तो भारत का उद्यमी आज यह पसंद करता है कि वह चीन में बनाकर चीन से भारत को निर्यात करे। वह भारत में ही उसी एलईडी बल्ब को बनाना पसंद नहीं करता है, यद्यपि उसके पास तकनीकें और कच्चा माल उपलब्ध है। जब हमारे उद्यमी देश में एलईडी बल्ब का उत्पादन करना नहीं चाह रहे हैं, उस परिस्थिति में सोचना कि हम देश में एलईडी बल्ब जैसे तमाम माल का उत्पादन करके निर्यात बढ़ा सकेंगे, लगभग असंभव दिखता है। इस समस्या का एक पक्ष देश की न्याय व्यवस्था, श्रम कानून इत्यादि है जिससे अपने देश में सभी माल की उत्पादन लागत अधिक हो जाती है। निर्यातों के संदर्भ में अपने देश की नौकरशाही का अवरोध है। मुंबई के एक निर्यातक ने अपनी दास्तां इस प्रकार बयां की। उन्हें 40 टन का एक कंटेनर केमिकल का निर्यात किसी विशेष दिन तक करना था। उनका कंटेनर बंदरगाह पर समय से पहुंच गया, लेकिन बंदरगाह के इंस्पेक्टर ने कहा कि वह उस कंटेनर में रखे हुए 25–25 लीटर के 1600 जरकिन को प्रत्येक को निकालकर वजन करेंगे। यदि इंस्पेक्टर ऐसा करते तो इस कार्य में 2 दिन लग जाते और निर्यातक का आर्डर कैंसिल हो जाता और उसे डैमेज भी देने पड़ते। इस परिस्थिति में निर्यातक ने इंस्पेक्टर को 50000 रुपए की घूस दी और अपने माल का निर्यात किया।

सरकार को अपने उद्यमियों द्वारा अपने देश में ही माल के उत्पादन को न किए जाने के कारणों को जानकर उनका निवारण करना चाहिए जिसमें मेरी समझ से प्रमुख नौकरशाही का अवरोध है। वर्तमान समय में निर्यातों को बढ़ाने में कोरोना संकट का भी अवरोध है। तमाम विश्लेषकों का मानना है कि कोरोना संकट के अलग–अलग समय अलग–अलग देशों में उत्पन्न होने के कारण आज बड़े उद्यमी विदेशों से आयातित माल पर निर्भर नहीं होना चाहते हैं। उन्हें भय रहता है कि यदि कच्चा माल सप्लाई करने वाले देश में कोरोना का संकट आ गया और माल समय से नहीं पहुंचा तो उनका स्वयं का उत्पादन ठप्प हो जाएगा। इसलिए वैश्विक स्तर पर माल के उत्पादन का 'राष्ट्रीयकरण' होने की तरफ हम बढ़ रहे हैं। उद्यमी चाहते हैं कि कच्चा माल स्वयं बना लें। माल के उत्पादन वैश्वीकरण से पीछे हट रहा है। इस परिस्थिति में अपने देश से निर्यातों को बढ़ाना तीन कारणों से कठिन होगा। पहला यह कि अपने उद्यमियों को स्वयं देश में उत्पादन रास नहीं आ रहा है। दूसरा यह कि हमारी नौकरशाही द्वारा निर्यातों में अवरोध पैदा किया जा रहा है, और तीसरा यह कि वैश्विक बाजार राष्ट्रीयकरण की तरफ बढ़ रहा है। फिर भी अपनी कुछ जरूरतों जैसे ईंधन तेल एवं फॉस्फेट फर्टिलाइजर के आयातों के लिए विदेशी मुद्रा अर्जित करने के लिए निर्यातों को बढ़ान ही होगा। इस दिशा में सरकार को तीनों समस्याओं का निदान करना होगा। पहले, जैसा ऊपर बताया गया है कि माल के वैश्विक व्यापार का राष्ट्रीयकरण होगा। लेकिन जानकारों का मानना है कि सूचना का वैश्वीकरण और तेजी से होगा। सूचना या सॉफ्ट माल को इंटरनेट के माध्यम से आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान भेजा जा सकता है। इसमें कोरोना की बाधा नहीं आती है। इसलिए सरकार यदि उत्पादित माल के निर्यात बढ़ाने के स्थान पर सेवाओं जैसे ऑनलाइन शिक्षा, टेलीमेडिसिन, अनुवाद, सिनेमा, संगीत आदि के निर्यात पर ध्यान दें तो हम सफल हो सकते हैं।

सेवाओं के सूर्योदय मार्केट की तरफ हमें बढ़ना चाहिए और माल के वैश्विक मार्केट के पीछे नहीं भागना चाहिए। दूसरा, देश के उद्यमी अपना देश छोड़कर जो बांग्लादेश, वियतनाम, चीन आदि देशों में जाकर फैक्टरी लगा रहे हैं, उसके पीछे सामाजिक विवादों में वृद्धि दिखती है। अपने देश का सामाजिक ढांचा थरथरा रहा है। उद्यमी नहीं चाहता कि वह अपने परिवार या अपने स्वयं के जीवन को इस प्रकार के वातावरण में रखें। इसलिए उनके लिए यह उत्तम रहता है कि वे ऐसे देश में जाकर कार्य करें जहां पर उनकी अपनी और उनके परिवार की सुरक्षा निश्चित हो। इसलिए सरकार को देश में सामाजिक सौहार्दता बनाने पर ध्यान देना होगा। तीसरा, नौकरशाही द्वारा जो निर्यातों में अवरोध पैदा किए जा रहे हैं, उसके लिए केवल ऊपर से भ्रष्ट अधिकारियों को सेवानिवृत्त करना यद्यपि और जरूरी है, लेकिन केवल इतना करने से सफलता नहीं मिलेगी। जब ऊपर से सख्ती की जाती है तो नीचे के अधिकारी कहते हैं कि ऊपर से सख्ती हो रही है, इसलिए हमें घूस ज्यादा चाहिए। इसलिए नीचे से अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार को रोकने के लिए जन सहयोग की व्यवस्था करनी पड़ेगी। जनता के सहयोग से ही नीचे के भ्रष्टाचार और नौकरशाही के अवरोध को दूर किया जा सकेगा। इन कदमों से सरकार फिर भी कुछ हद तक निर्यातों में वृद्धि हासिल कर सकती है।

# लखनऊ के डीएवी डिग्री कालेज में अटल जी की पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित स्मृति सभा

लखनऊ। अटल एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। वह दलगत राजनीति से परे थे। उनके जीवन दर्शन और कार्यशैली को भाजपा का एक एक कार्यकर्ता अपने अंदर आत्मसात कर चुका है। उक्त उदगार दीन दयाल सेवा प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मिश्र ने व्यक्त किए। वह मंगलवार को लखनऊ के डीएवी डिग्री कालेज में अटल जी की पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित स्मृति सभा में बोल रहे थे। उपस्थित कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि आज देश मे भाजपा का जो भी विशाल परिवार दिखता है वह अटल जी की ही कल्पना थी कि संसद में दो सीट आने पर भी सरकार बनाने का दम रखते थे। श्री मिश्र ने आगामी 25 दिसम्बर को संस्थान की ओर से स्मृतिका प्रकाशित करने की बात भी कही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रकवि वेद व्रत बाजपेयी जी ने अपने बचपन के संस्मरणों को उपस्थित जनसमूह से साझा किया। इस बीच कई बार वह भावुक भी हुए। उन्होंने अपनी काव्य रचनाओं को अटलजी से प्रेरित और प्रभावित बताया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मनमोहन तिवारी ने कहा कि जिस समय अटलजी चुनाव लड़ रहे थे मैं कांग्रेस का कार्यकर्ता था लेकिन अटल




जी के मिलनसार व्यवहार का हमेशा कायल रहा हूँ। बाद में मुझे उन्होंने खुद से भाजपा में शामिल करवाया। आज वह नहीं हैं लेकिन उनकी सिखाई बातें जेहन में हमेशा जिंदा हैं। कार्यक्रम में भाजपा प्रवक्ता आलोक अवस्थी , राज्य मंत्री नानक चंद लखमानी , पूर्व सभासद अतुल अवस्थी , राजेश मिश्रा डॉक्टर , अलका मिश्रा , शशि अग्रवाल , राजन श्रीवास्तव , गोपालजी शुक्ला , शरद शुक्ल,आर के छारी आदि ने अपनी बात साझा की। कार्यक्रम का संचालन भाजपा प्रवक्ता संजय चौधरी ने किया ,धन्यवाद ज्ञापन सुरेंद्र शर्मा ने और वंदे मातरम गायन रागिनी रस्तोगी ने किया।





अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। परियर मंडी के पास नाली ना होने की वजह से सड़क पर पानी भरा हुआ था और सड़क में काफी गहरे गहरे गड्ढे थे उसकी वजह से गेहूं भरा ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। दोनों तरफ से आवागमन बंद हो गया।

# स्वतंत्रता दिवस के दिन वन विभाग की टीम ने पंक्षी बाजार में मारी रेड

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। कानपुर के बाकरगंज स्थित पंक्षी बाजार में बेचे जा रहे सैकड़ों पंक्षियों को क्षेत्रीय वन अधिकारी लक्ष्मीकांत दुबे, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी महादेव, वन दरोगा रामबाबू, विजय कुमार ,अभिषेक मिश्रा एवं उनकी वनरक्षक टीम सुधीर कुमार ,रामकुमार, मोहम्मद सईद खान, फरहान नाज, मचल यादव ने एक वाइल्डलाइफ एन .जी .ओ की सूचना पर दबिश डाली और सख्ती से उनके पिंजरे और पंक्षी जिसमें तोते, मुनिया,कबूतर, आदि थे सबको जब्त किया।

क्षेत्रीय वन अधिकारी लक्ष्मीकांत दुबे जी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन जहां सभी लोग आजादी का जश्न मनाते हैं वही ये पंक्षी बिना किसी जुर्म के पिंजरे में सजा काट रहे होते हैं। लक्ष्मीकांत दुबे जी ने अपनी पूरी टीम के साथ बाकरगंज की पंक्षी बाजार की सफाई कर डाली और पंछियों को बेच रहे सभी दुकानदारों को कड़ी चेतावनी और फटकार लगाई तथा सभी पंक्षियों को उनके अनुकूलित वातावरण में आजादी दी गई।



# मानसून सत्र से पहले सपा और कांग्रेस के नेताओं ने किया प्रदर्शन

लखनऊ, (वेब वार्ता)। उप्र विधानमंडल में मानसून सत्र से पहले समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर प्रदर्शन किया। सपा के नेताओं ने बैलगाड़ी से विधानसभा पहुंचकर पेट्रोल और डीजल के बढ़े दामों पर अपना विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेता भी पीछे नहीं रहे, वे रिक्शा से पहुंचे।

उत्तर प्रदेश में महंगाई को लेकर लगातार बोलती आ रही सपा के नेताओं का एक गुट बैलगाड़ी से विधानसभा पहुंचा। समाजवादी नेताओं ने तिरंगा और पार्टी का झंडा लेकर अपने प्रदर्शन को मजबूत करने की कोशिश की। सांकेतिक प्रदर्शन में सपा नेताओं ने किसानों के मुद्दों पर भी अपनी बातों को रखा। सपा के मुख्य प्रवक्ता और विधान परिषद सदस्य राजेंद्र चौधरी और उनके साथ नेताओं ने हाथों में काली तख्तियां लेकर अपने मुद्दों को जाहिर किया।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के नेतृत्व में महंगाई, महिला सुरक्षा, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर नेताओं का विरोध प्रदर्शन हुआ। अजय लल्लू स्वयं रिक्शे से विधानसभा पहुंचें। रिक्शा से उतर कर फसलों को गले में टांग लिया और बढ़ती कीमतों की इशारा कर अपनी बातों को रखा। कांग्रेस के अन्य प्रमुख नेताओं ने किसानों के गन्ना मूल्य, अन्य मुद्दों पर सरकार को नाकाम बताया।

# नार्मल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्र कुमार लसह का स्वागत करते सदर विधायक पंकज गुप्ता जी

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। दिनांक 17 .08. 21 को सर्वेश कुमार पुत्र सुरेश कुमार तिवारी निवासी ग्राम ताजपुर नौबस्ता थाना अचलगंज उन्नाव ने सूचना दी कि मेरा भाई राज किशोर पुत्र सुरेश कुमार तिवारी उम्र करीब 18 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है जो कि दिनांक 15 .8. 21 को दिन में करीब 12:00 बजे के बाद से दिखाई नहीं दिया मेरा भाई शराब व गांजे के नशे का आदी था जो आए दिन बिना बताए घर से चला जाता था तथा कई दिनों के बाद अपने आप लौट आता था मेरा मकान गांव के बाहर किनारे पर पुराना खंडहर रुप में स्थित है आज बदबू आने पर खंडहर मकान के अंदर जाकर देखा तो मेरे भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली शव को नियमानुसार कब्जे में लेकर पंचायत नामा की कारवाई कर वास्ते पोस्टमार्टम हेतु सदर मोर्चरी उन्नाव भेजा जा रहा है।



# गन्ने की खेती के हब के रूप में उभर रहा पूर्वांचल

लखनऊ, (वेब वार्ता)। पूर्वांचल अब उत्तर प्रदेश में गन्ने की खेती के एक अन्य केंद्र के रूप में उभर रहा है और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ तेजी से बढ़ रहा है। गन्ना विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, योगी आदित्यनाथ सरकार के पिछले चार वर्षों के दौरान फसल की खेती के क्षेत्र में 1.34 लाख हेक्टेयर की वृद्धि हुई है, जो इस क्षेत्र में एक सर्वकालिक रिकॉर्ड है। पूर्वांचल में गन्ने की खेती का रकबा 4.39 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 5.73 लाख हेक्टेयर हो गया है। इससे पूर्वांचल में गन्ने की पैदावार में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है, जिससे किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। गन्ना विभाग के आंकड़े बताते हैं कि इस दौरान किसानों की आय में 22,000 रुपये प्रति हेक्टेयर की बढ़ोतरी हुई है। पूर्वांचल के किसानों की कुल आय में 1,290 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। विभाग के अनुसार, नई चीनी मिलों की स्थापना, बंद पड़ी मिलों को फिर से खोलना और उनका संचालन कोरोना काल में, साथ ही किसानों को गन्ना मूल्य का समय पर भुगतान और किसानों को तकनीक से जोड़ने का अभियान गन्ने की खेती को बढ़ावा देने में बहुत प्रभावी साबित हुआ है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने किसानों को 70 लाख क्विंटल बीज वितरित किया है। ट्रेंच विधि से 5 लाख हेक्टेयर भूमि पर बुवाई की गई है। इसके अलावा, 4 लाख हेक्टेयर भूमि पर सह–फसल की खेती की गई और 4,042 हेक्टेयर में ड्रिप सिंचाई संयंत्र लगाए गए जिससे उपज में वृद्धि हुई।

## अफगानिस्तान के वीडियोज ने बॉलिवुड को रुलाया, कंगना रनौत बोलीं– मौत से भी बदतर जिंदगी

मुंबई, (वेब वार्ता)। अफगानिस्तान में एक बार फिर तालिबान का कब्जा होने के बाद वहां से बेहद शॉकिंग वीडियोज और खबरें सामने आ रही हैं। तालिबान के डर से लोग अफगानिस्तान छोड़कर भाग रहे हैं। इस बीच गिरते व्यक्ति का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'जब जिंदगी मौत से भी बदतर हो जाती है। स्थानीय न्यूज एजेंसियों ने भी दावा किया है कि हवाई जहाज से 3 लोग नीचे गिरे हैं। एक व्यक्ति काबुल के एक घर की छत पर भी गिरा है। अनुष्का शर्मा ने



सोमवार को काबुल से कुछ बेहद व्यथित करने वाले वीडियोज भी सामने आए हैं। इनमें से एक वीडियो में उड़ते हुए हवाई जहाज से गिरते दो लोग नजर आ रहे हैं जो भागने के लिए हवाई जहाज के लैंडिंग गेयर पर लटक गए थे। रिया चक्रवर्ती, टिस्का चोपड़ा और शेखर कपूर के बाद कंगना रनौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में कई वीडियो और फोटोज शेयर करते हुए अफगानिस्तान के हालातों पर चिंता जताई है। कंगना ने हवाई जहाज से भी ऐसा ही एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'यह दिल तोड़ देने वाला है। किसी को भी ऐसी स्थिति से नहीं गुजरना चाहिए। अफगानिस्तान के हालातों पर ऐक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने भी चिंता जताई है। स्वरा भास्कर ने हवाई जहाज से गिरते लोगों का वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'कोई शब्द नहीं हैं। यह आतंक है, आतंक जिससे लोग गुजर रहे हैं और जिससे डर रहे हैं और जानते हैं कि क्या होने जा रहा है। बेहद दुखद से भी परे।

## तमिल ऐक्टर आनंद कन्नन का 48 साल की उम्र में निधन, कैंसर से जूझ रहे थे

मुंबई, (वेब वार्ता)। वीडियो जॉकी से तमिल ऐक्टर बने आनंद कन्नन का केवल 48 साल की उम्र में निधन हो गया है। आनंद पिछले कुछ समय से कैंसर से जूझ रहे थे। आनंद को बाइल डक्ट कैंसर था। वह 90 और 2000 के दशक में टीवी का काफी पॉप्युलर चेहरा थे। आनंद के निधन पर तमिल ऐक्टर्स और उनके फैन्स ने सोशल मीडिया पर बेहद दुख जताया है। तमिल फिल्म 'सरोजा' में आनंद के साथ काम कर चुके फिल्ममेकर वेंकट प्रभु ने आनंद के निधन की खबर को कन्फर्म करते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने आनंद की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'बहुत अच्छे दोस्त, बेहतरीन इंसान नहीं रहे। आनंद कन्नन के निधन पर मेरी संवेदनाएं।



आनंद के निधन पर ऐक्टर गायत्री रघुराम और अशोक कुमार के अलावा फैन्स ने भी सोशल मीडिया पर दुख जताया है। आनंद ने अपने टीवी करियर की शुरूआत सिंगापुर से की थी। इसके बाद चेन्नई में उन्होंने सन म्यूजिक टीवी में वीडियो जॉकी के तौर पर काम करना शुरू कर दिया। साल 2008 में उन्होंने तमिल फिल्म 'सरोजा' से ऐक्टिंग डेब्यू किया था। इसके बाद वह कई फिल्मों में नजर आए थे।

## काबुल से अपने अधिकारियों को वापस ला रहा है भारत

नई दिल्ली, (वेब वार्ता)। काबुल पर तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान की राजधानी में पैदा हुए मौजूदा हालात के मद्देनजर वहां स्थित भारतीय राजदूत और अन्य कर्मियों को लेकर भारतीय वायुसेना का एक विमान मंगलवार को काबुल से भारत रवाना हुआ। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि यह फैसला किया गया है कि काबुल में भारत के राजदूत और उनके भारतीय कर्मियों को मौजूदा हालात के मद्देनजर तत्काल देश वापस लाया जाएगा। बागची ने ट्वीट किया, ''मौजूदा हालात के मद्देनजर, यह फैसला किया गया है कि काबुल में हमारे राजदूत और उनके भारतीय कर्मियों को तत्काल भारत लाया जाएगा।'' भारतीय वायुसेना का सी–17 विमान सोमवार को कुछ कर्मियों को लेकर भारत लौटा था और मंगलवार को दूसरा विमान भारत आ रहा है।

## अस्सी किलो गोमांस के साथ आरोपी गिरफ्तार

सुलतानपुर, (वेब वार्ता)। सुलतानपुर जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने अस्सी किलो गोमांस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 2 चापड़ व 1 छूरी बरामद की गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर राधेश्याम शर्मा ने बताया कि सोमवार की रात गोसाईगंज पुलिस ने दिलशाद को 80 किलो गोमांस के साथ गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 चापड़ःमांस को काटने वालाः व एक छुरी बरामद की हैं। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया हैं।

## गोरखपुर में बाढ़ का संकटः रोहिन नदी खतरे के निशान से 1.11 मीटर ऊपर

गोरखपुर। नेपाल के पहाड़ी इलाकों और पूर्वांचल के मैदानी क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश से गोरखपुर में बाढ़ का संकट गहरा गया है। रोहिन नदी खतरे के निशान से एक मीटर से ज्यादा ऊपर बह रही है। राप्ती, घाघरा और गोर्रा नदी भी खतरे का निशान पार कर चुकी हैं। बहरामपुर सहित 13 से ज्यादा गांवों में बाढ़ का पानी भर गया है। बहरामपुर में नाव के सहारे आना–जाना हो रहा है। प्रशासन की तरफ से सात गांवों में नदी का पानी भरने की बात कही गई है। हालांकि आंकड़े ज्यादा हैं। सिंचाई विभाग के अफसरों के मुताबिक नदियों के जलस्तर बढ़ने का सिलसिला जारी रहेगा। यह संकेत खतरनाक हैं। राहत–बचाव कार्य के लिए गांवों में नावें लगाई गई हैं। जानकारी के मुताबिक रोहिन नदी खतरे के निशान से 1.11 मीटर ऊपर बह रही है। इसके चलते सदर, सहजनवां व कैंपियरगंज तहसील के कई गांव प्रभावित हुए हैं। प्रशासन की तरफ से कहा गया है कि सदर तहसील क्षेत्र का एक व सहजनवां तहसील क्षेत्र के छह गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। सभी गांवों में नाव लगा दी गई है। राप्ती नदी भी खतरे के निशान से चार सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। इससे गोला तहसील के बड़हलगंज ब्लॉक का कछारांचल क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हुआ है।

बड़हलगंज प्रतिनिधि के मुताबिक राप्ती नदी का पानी हिंगुहार, लखनौरी लखनौरा, खोइया पट्टी , बैरिया खास, सहित अन्य कई गांवों में घुस गया है। लखनौरी –लखनौरा, खोइया पट्टी मार्ग पर भी बाढ़ के पानी से घिर गया है। इससे आवागमन बाधित है। घाघरा नदी खतरे के निशान से सात सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। इससे तटवर्ती इलाकों में दहशत का माहौल है। राहत की बात है कि घाघरा शाम को स्थिर हो गई थी।



गोर्रा नदी भी खतरे के निशान की तरफ बढ़ रही है। अगर जलस्तर कम नहीं हुआ तो बाढ़ का खतरा बढ़ेगा। पानी अभी खतरे के निशान से आधा मीटर नीचे बह रहा है।

बड़हलगंज प्रतिनिधि के मुताबिक राप्ती नदी का पानी हिंगुहार, लखनौरी लखनौरा, खोइया पट्टी , बैरिया खास, सहित अन्य कई गांवों में घुस गया है। लखनौरी –लखनौरा, खोइया पट्टी मार्ग पर भी बाढ़ के पानी से घिर गया है। इससे आवागमन बाधित है। घाघरा नदी खतरे के निशान से सात सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। इससे तटवर्ती इलाकों में दहशत का माहौल है। राहत की बात है कि घाघरा शाम को स्थिर हो गई थी। गोर्रा नदी भी खतरे के निशान की तरफ बढ़ रही है। अगर जलस्तर कम नहीं हुआ तो बाढ़ का खतरा बढ़ेगा। पानी अभी खतरे के निशान से आधा मीटर नीचे बह रही है। अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड 2 रूपेश कुमार खरे ने बताया कि घाघरा और राप्ती नदी के खतरा के निशान पार करने से स्थिति गंभीर है। अभी कहीं से कटान की सूचना नहीं है। कुछ बंधों पर पानी का दबाव है। रेत की बोरी डाली जा रही है। कई स्थानों पर झांवा भरी बोरी डालकर पानी के दबाव को कम किया जा रहा है। तटबंधों की सतत निगरानी की जा रही है। कहीं कोई खतरे की बात नही है।

13 गांव बाढ़ से प्रभावित, राशन किट का वितरण शुरू

प्रशासन की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक बाढ़ से सोमवार को 13 गांव प्रभावित हुए हैं। इन गांवों में नावें लगाई गई हैं। इसके अतिरिक्त सहजनवां व सदर तहसील में 655 राशन किट का वितरित किया गया है। कैंपियरगंज तहसील में 500 किट राशन बांटा गया है। कैंपियरगंज तहसील के गांव बरगदही, मछलीगांव, भौराबारी, चंदीपुर, बुढ़ौली, अलगटपुर, सदर तहसील के गांव शिवरिया, चकचोहरा, विडार और सहजनवां, तहसील के गांव बनौड़, मुवाशहीद, गहीरा, सुथनी में बाढ़ का पानी पहुंचा है। इन गांवों में सात नावें राहत–बचाव कार्य में लगाई गई हैं। प्रशासन की सूची में गोला तहसील के गांव नही हैं। जबकि वहां पर भी कई गांव पानी से घिरे हैं।

प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन ने अलर्ट घोषित कर दिया है। प्रशासन और आपदा विभाग की तरफ से सभी संबंधित महकमों के अफसरों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है। डीएम विजय किरन आनंद ने सभी तटबंधों की सतत निगरानी का निर्देश दिया है। इसके लिए तहसील के लेखपाल और कानूनगो भी लगाए गए हैं। साथ ही राहत शिविर की भी तैयारियां जांचने को कहा गया है। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ को भी अलर्ट किया गया है।

आपदा विभाग के मुताबिक जिले में 329 छोटी, मझौली और बड़ी नावें उपलब्ध हैं। जरूरत पड़ने पर अयोध्या से और नावें मंगाई जाएंगी। डीएम ने त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यकतानुसार उपकरणों को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित ग्रामों के आधार पर पर्याप्त मेडिकल टीम गठित की जाए। कंट्रोल रूम को हमेशा सक्रिय रखने का निर्देश दिया है।

# योगी सरकार देवबंद में बनायेगी एटीएस कमांडो सेंटर

लखनऊ, (वेब वार्ता)। राज्य सरकार ने सहारनपुर के देवबंद में एटीएस कमांडो सेंटर बनाने का निर्णय किया है। इसको लेकर योगी सरकार की ओर से काम भी शुरु कर दिया गया है। सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार देवबंद में एटीएस कमांडो सेंटर बनाये जाने का निर्णय किया। सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर एटीएस को दो हजार वर्गमीटर में जमीन भी एलाट कर दी है, जिस पर काम तेजी से शुरु कर दिया गया है। प्रवक्ता ने यह भी बताया कि वर्तमान की परिस्थितियों और चुनौतियों के मद्देनजर योगी सरकार का यह जबरदस्त निर्णय है। प्रदेश भर से चुने हुए करीब 16 से अधिक तेज तर्रार एटीएस अफसरों की तैनाती होगी।



## पेज 1 का शेष

ज्यो के त्यों पड़े है जिनमे ताला लगा रहता है वही हांसा में भी शौचालय अभी पूर्ण नही है लेकिन ब्लाक स्तरीय अन्य कई गांव ऐसे जिनमे अभी तक शौचालय संचालित नही हो सके वही बन्द होने के बावजूद ब्लाक अधिकारियों के मिली भगत से इनमें सफाई कर्मियों के मानदेय पर बंदर बांट कर सरकार को चूना लगाया जा रहा। बड़ी बात ये की कदौरा खण्ड विकास अधिकारी सरकार की उक्त योजनाओ के क्रियान्वन को लेकर बेपरवाह है जो अपने ऐ सी आफिस में ही बैठकर आराम फरमाना पसन्द करते है। गुप्त सूत्रों के मुताबिक ब्लाक क्षेत्र में अब तक बन्द पड़े शौचालयों में सफाई कर्मी के नाम पर ब्लाक अधिकारियों द्वारा सफाई कर्मियों के नाम पर लंबी चौड़ी रकम निकाल कर उनमें बंदर बांट कर लिया गया है जिसमे कई बार विरोध होने के बावजूद कोई असर ही नही होता। एक तरफ प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत गांव शहरों में सामुदायिक शौचालयो की सौगात देकर बड़े पैमाने पर धनखर्च किया व हजारों सफाई कर्मियों को नौकरी भी दी गई लेकिन उसी सरकार के कुछ सरकार नुमाइंदे ब्लाक अधिकारी सरकार के विपरीत कार्य कर योजनाओं में पलीता लगा रहे है।जिसके लिए उक्त ब्लाक अधिकारी नोडल अधिकारी धीरज साहू के सख्त निर्देशो की अवहेलना करने में भी जरा भी हिचक नही कर रहे कि कौन रोज आएँगे करना देखना तो ब्लाक अधिकारी को ही है। ग्रामीणों द्वारा जिला प्रसाशन से मांग की गयी है उक्त योजनाओं के बेहतर क्रियान्वन के लिए कदौरा में जिम्मेदार खण्ड विकास अधिकारी को भेजा जाए जिससे योजनाओं का लाभ जनता को मिल सके।वही बीडीओ अश्वनी सिंह द्वारा उक्त सम्बन्ध में जवाब देने से इनकार किया गया।

# मुठभेड़ में दो इनामी बदमाशों के लगी गोली, तीसरा साथी भागने में रहा सफल

मथुरा, (वेब वार्ता)। जिले की नौहझील पुलिस की यमुना एक्सप्रेस–वे के माइलस्टोन 69 के पास बाइक सवार तीन बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। इसमें दोनों ओर से चली गोलियों में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। घायल बदमाशों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इनका तीसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल दोनों बदमाशों पर दस–दस हजार रुपये का इनाम था। सोमवार की देर रात थाना प्रभारी निरीक्षक नौहझील सदुवन रामगौतम, उप निरीक्षक योगेश नागर, संदीप कुमार, मन मोहन शर्मा, परविंदर कुमार आदि के साथ एक करोड़ की लूट में वांछितों की तलाश में गश्त पर थे। चेकिंग के दौरान रात्रि करीब साढ़े 12 बजे एक्सप्रेस–वे के माइलस्टोन 69 पर बाइक सवार तीन बदमाश पुलिस को संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर वे भागते हुए पुलिस पर फायरिंग करने लगे। पुलिस टीम ने स्वयं का बचाव करते हुए जबावी फायरिंग की, जिसमें शकील और राजू बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि एक बदमाश बाइक लेकर भाग निकला। पकड़े गए बदमाशों से पुलिस ने दो तमंचा, कारतूस बरामद करते हुए उन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीश चन्द ने बताया कि मुठभेड़ में घायल बदमाश विगत दिनों नौहझील क्षेत्र में गैस एजेंसी के गोदाम से सिलेंडर चोरी के मामले में वांछित थे। इनका नाम शकील, निवासी फारुख नगर, जिला थाना टीलामोड़ गाजियाबाद, राजू उर्फ मोहम्मद अली उर्फ आलम निवासी कबीलपुर, थाना बदलानपुर, कटियार बिहार है। इन पर मथुरा पुलिस की ओर से दस–दस हजार का ईनाम था। इसके अलावा इन पर हरियाणा राजस्थान,यूपी दिल्ली आदि प्रदेशों में भी मुकदमे हैं।

# उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सम्भावित 24 अगस्त 2021 को आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा 2021 की तैयारियों पर की गयी चर्चा

## परीक्षा केन्द्र पर आने वाले परीक्षार्थियों की गहनता से की जायेगी जांच

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। (सू0वि0) जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में कल देर शाम उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सम्भावित 24 अगस्त 2021 को आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा 2021 को सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद में निर्धारित किये गये परीक्षा केन्द्रों पर लगाये गये जोनल/सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों तथा प्रधानाचार्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित जोनल/सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेटों तथा प्रधानाचार्यों को संम्बोधित करते हुये कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा 2021 को परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित रहकर पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से निर्विध्न एवं शान्तिपूर्वक नकलविहिन परीक्षा सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जारी किये गये निर्देशों को भलीभांति परीक्षा के पूर्व अध्ययन कर लें। किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। कोई भी शिक्षक जिनकी परीक्षा में डियूटी लगी है ऐसे शिक्षक कक्ष में मोबाईल अथवा इलेक्ट्रानिक्स उपकरण विद्यालय में नही रखेगा। यह भी निर्देश दिये गये कि परीक्षा केन्द्र पर आने वाले परीक्षार्थियों की गहनता से जांच की जाये। कोई भी परीक्षार्थी घड़ी, पेन, अंगूठी, चैन तथा इलेक्ट्रानिक्स जैसे सामान लेकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नही करेंगे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सम्भावित 24 अगस्त 2021 को आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा 2021 को सम्पन्न कराये जाने के उददेश्य से जनपद में निर्धारित किये गये परीक्षा केन्द्रों तक प्रश्न पत्र पैकेट सुरक्षित पहुचायें जाने की मुकम्मल व्यवस्था की गयी है। नगर में यातायात का व्यवधान न उत्पन हो इसकी रूप रेखा तैयार कर ली गयी है। परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक, प्रधानाचार्य को निर्देश दिये है कि परीक्षा केन्द्र में कोविड–19 के प्रोटोकाल का पूरा पालन किया जाये। लाइट एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राकेश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सत्यप्रकाश सहित जोनल/सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक, प्रधानाचार्य आदि उपस्थित रहे।







# ब्लिंकन ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री के साथ अफगानिस्तान को लेकर की बातचीत

वाशिंगटन, (वेब वार्ता)। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी से अफगानिस्तान में पैदा हुई अराजकता की स्थिति को लेकर सोमवार को बातचीत की। इस बीच, एक शीर्ष अमेरिकी सीनेटर ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से अपील की कि वह पाकिस्तान और चीन से तालिबान सरकार को मान्यता नहीं देने की अपील करें। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ब्लिंकन दुनियाभर के अपने कई समकक्षों से इस विषय पर बात कर रहे हैं और इसी के तहत उन्होंने कुरैशी से बातचीत की। उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि फोन पर दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई।

प्राइस ने कहा, ''विदेश मंत्री एंटनी जे. ब्लिंकन ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी से आज (सोमवार को) फोन पर बात की। विदेश मंत्री ब्लिंकन और विदेश मंत्री कुरैशी ने अफगानिस्तान और वहां बदल रहे हालात पर चर्चा की। अफगानिस्तान में अमेरिका समर्थित सरकार के गिर जाने और देश के राष्ट्रपति अशरफ गनी के देश से भाग जाने के बाद रविवार को तालिबान के लड़ाके काबुल में घुस गए। इसके साथ ही दो दशक लंबे उस अभियान का आश्चर्यजनक अंत हो गया जिसमें अमेरिका और उसके सहयोगियों ने देश में बदलाव लाने की कोशिश की थी।

इस बीच, अमेरिकी सांसद लिंडसे ग्राहम ने 'फॉक्स न्यूज' को दिए साक्षात्कार में बाइडन से अपील की कि वह पाकिस्तान एवं चीन से अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता नहीं देने के लिए कहें। उन्होंने कहा, ''जरूरी बात यह है कि यदि हम दुनिया को इस सत्ता को मान्यता नहीं देने के लिए कहते हैं तो हम तालिबान के खतरे को काबू कर सकते हैं।''

ग्राहम ने कहा, ''मैं चाहता हूं कि राष्ट्रपति बाडइन पाकिस्तान और चीन से कहें कि यदि आप तालिबान को मान्यता देते हैं, तो आप ऐसे आतकंवादी संगठन को मान्यता देंगे, जिसके हाथ अमेरिकियों के खून से सने हैं और हम आपको जवाबदेह ठहराएंगे।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।